नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 10.05.2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 11 | क्रम सं०(Serial No.) 1

85 लाख की दवाइयों के साथ विदेशी पकड़ा

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली: IGI एयरपोर्ट से घाना निवासी जोसेफ अमर अमर्टे को 85 लाख कीमत की दवाइयों के साथ CISF ने पकड़ा है। CISF के PRO अपूर्व पांडे ने बताया कि 8 मई की दोपहर 1:09 बजे CISF कर्मी टी-3 के चेकइन इलाके में ड्यूटी पर थे। तभी एक यात्री संदिग्ध गतिविधियों में दिखाई पड़ा। शक होने पर उसे पकड़ा गया तो पता चला कि वह घाना का रहने वाला है। उसकी पहचान जोसेफ अमर अमर्टे के तौर पर हुई। वह अमीरात एयरलाइंस की उड़ान संख्या EK-517 से दुबई होते हुए अंकारा जा रहा था। एक्स बीआईएस मशीन से उसके सामान की जांच की गई तो करीब 85 लाख कीमत की दवाइयां मिलीं। वह कोई दस्तावेज भी नहीं दिखा सका। उसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए उसे कस्टम को सौंप दिया गया।